# कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रं./एफ–200/1/सा.प्र.वि./विविध/2025/662 भिलाई, दिनांक 22.05.25

//आदेश//

**श्रीमती बिंदा बाई पति स्व.श्री तुलाराम, सफाई कामगार** को कार्यालयीन आदेश क्रमांक 623 दिनांक 19.04.2025 के द्वारा नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रान्तर्गत स्थित उद्यानों की साफ–सफाई, रख–रखाव आदि कार्य हेतु उद्यान में पदस्थ किया गया है। सेक्टर 2 स्थित संत गुरु घासीदास उद्यान एवं संत करतार सिंह उद्यानों का निरीक्षण किया गया, पौधें पानी नही मिलने से सूखे हुए पाये गये तथा कर्मचारी अपने कार्य स्थल पर अनुपस्थित पायी गयी। पूर्व में कार्यालयीन पत्र क्रं. 345 दिनांक 28.02.2025 के द्वारा स्पष्टीकरण पत्र जारी किये जाने तथा चेतावनी के बावजूद भी उनके कार्य व्यवहार में कोई सुधार नही हुआ है। उच्चाधिकारियों द्वारा सौपें गये कार्यो का निवर्हन नही किये जाने एवं कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कर कार्यस्थल में अनुपस्थित रहने से गार्डन अस्त–व्यस्त होने के कारण निलंबित किया गया।

**श्रीमती बिंदा बाई पति स्व.श्री तुलाराम, सफाई कामगार** के द्वारा कार्य अवधि में की गई त्रुटि को स्वीकार करते हुए क्षमा याचना किया गया है। अतः श्रीमती बिंदा बाई, सफाई कामगार के विरूद्ध परिनिंदा की लघु शास्ति अधिरोपित करते हुए निलंबन अवधि के वेतन को छोड़कर अन्य समस्त प्रयोजन हेतु निलंबन अवधि को सेवा अवधि/कर्त्तव्य अवधि मान्य करते हुए निलंबन से बहाल किया जाता है एवं संस्थित विभागीय जांच को समाप्त कर उद्यान विभाग अन्तर्गत संत गुरू घासीदास उद्यान सेक्टर–2 में पदस्थ किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

पृ.क्र/एफ–200/1/सा.प्र.वि./विविध/2025/663 भिलाई, दिनांक 22.05.25

**प्रतिलिपि :–**

1. महापौर/अध्यक्ष, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. अधीक्षण अभियंता 1/2, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. उपायुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. कार्यपालन अभियंता उद्यान नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
7. कार्यालय अधीक्षक सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. प्रभारी लिपिक स्थापना, नगर पालिक निगम, भिलाई को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
9. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं निगम की वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
10. **श्रीमती बिंदा बाई पति स्व.श्री तुलाराम, सफाई कामगार** नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ ।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

Scanned with CamScanner